2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** के यथानिर्देश उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) विद्यापति की श्रृंगारिक भावना पर प्रकाश डालिए।

(ख) रामनाम के पटतरे, देवे कौं कछु नाहि।
क्या ले गुरू संतोषिए, हौस रही मन मांहि—

— पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) जायसी के वियोग पक्ष पर प्रकाश डालिए।

(घ) सूरदास की भक्ति-भावना पर प्रकाश डालिए।

(ङ) रहिमन जिह्वा बावरी कहि गई सरग पताल।
आपु तो कहि भीतर भई, जूती खात कपाल।

— का सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(च) रसखान की काव्यगत-विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए।

(ख) तुलसीदास की समन्वय भावना पर विचार कीजिए।

(ग) 'बिहारी ने अपने दोहे में गागर में सागर जैसी प्रस्तुति दी है' — सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(घ) घनानन्द की विरह-भावना पर प्रकाश डालिए।

———



## 2024

## 2nd Semester Examination

## HINDI (Honours)

**Paper : C 3-T**

**(भारतेन्दु युगीन कविता से छायावादी कविता तक)**

**(New Syllabus)**

**[Revised Syllabus, w.e.f. Session 2022-23]**

**[CBCS]**

Full Marks : 60 Time : Three Hours

*The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दस*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) भारतेंदु युग की समय-सीमा बताइए। भारतेंदु द्वारा संपादित किसी एक पत्रिका का नाम लिखिए।

(ख) भारतेंदु युग को 'नवजागरण काल' एवं 'पुनर्जागरण काल' किन विद्वानों ने कहा है?

(ग) द्विवेदी युग को और किस नाम से जाना जाता है? उस युग की समय-सीमा क्या है?

(घ) भारतेंदु युग की दो पत्रिकाओं के नाम बताइए।

(ङ) द्विवेदीयुगीन दो प्रमुख पत्रिकाओं के नाम बताइए।

(च) समस्यापूर्ति किस युग की काव्य-प्रवृत्ति थी? उस युग की एक और काव्य-प्रवृत्ति का नाम बताइए।

(छ) छायावाद के चार प्रमुख स्तंम्भों के नाम बताइए।

(ज) किस कवि को 'एक भारतीय आत्मा' कहा जाता है? उनकी एक प्रसिद्ध कविता का नाम बताइए।

(झ) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने छायावाद का प्रवर्तक किन दो कवियों को माना है?

(ञ) 'कामायनी' और 'अनामिका' के कवि का नाम बताइए।

(ट) "निज भाषा उन्नति अहै" किसकी कविता है? इसकी दूसरी पंक्ति लिखिए।

(ठ) द्विवेदीयुगीन दो महाकाव्यों के नाम बताइए।

(ड) मैथिलीशरण गुप्त को किस कृति के आधार पर राष्ट्रकवि कहा जाता है? उनके गुरु कौन थे?

(ढ) जयशंकर प्रसाद एवं सुमित्रानंदन पंत के बचपन का नाम बताइए।

(ण) 'निराला की साहित्य साधना' एवं 'मैथिलीशरण गुप्तः पुनर्मूल्यांकन' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।



2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर टिप्पणी लिखिए : 5×4=20

(क) भारतेंदु युग का सामाजिक परिवेश

(ख) छायावाद का नामकरण

(ग) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' की कविता 'प्रार्थना' की मूल संवेदना

(घ) 'भिक्षुक' कविता का मुख्य प्रतिपाद्य

(ङ) कवि पंत का प्रकृति-प्रेम

(च) महादेवी के काव्य में विरह

3. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) नवजागरण के संदर्भ में भारतेंदुयुगीन काव्य की भूमिका पर प्रकाश डालिए।

(ख) द्विवेदीयुगीन काव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

(ग) छायावादयुगीन काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

(घ) 'कैकेयी का अनुताप' कविता की समीक्षा कीजिए।

---

P.T.O.

B.A./2nd Sem (H)/HIN/24(CBCS)Old

**2024**

## 2nd Semester Examination

## HINDI (Honours)

**Paper : C 3-T**

**(आदिकालीन एवं मध्यकालीन हिन्दी कविता)**

**(Old Syllabus)**

**[CBCS]**

Full Marks : 60 Time : Three Hours

*The figures in the margin indicate full marks. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***दस*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) विद्यापति का जन्म कब हुआ? उनका उपनाम क्या है?

(ख) विद्यापति की किन्ही दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ग) कबीर का सम्बन्ध किस काव्यधारा से है? उनके पिता का क्या नाम था?

(घ) कबीर की वाणी का संकलन किस नाम से किया गया और उसका सम्पादन किसने किया?



(ङ) 'पद्मावत' में कितने खण्ड हैं? यह कब लिखी गयी?

(च) 'पद्मावत' के अतिरिक्त जायसी की दो अन्य रचनाओं के नाम लिखिए।

(छ) सूरदास का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(ज) सूरदास किसके शिष्य थे? उनकी एक रचना का नाम लिखिए।

(झ) तुलसीदास किसके भक्त थे? इनकी भक्ति किस भाव का थी?

(ञ) 'रामचरितमानस' एवं विनय पत्रिका किस भाषा में लिखी गयी है?

(ट) रहीम का पूरा नाम क्या हैं? उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ठ) 'मेरे तो गिरधर गोपाल' किसकी काव्य पंक्ति है? उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(ड) बिहारी किसके दरबारी कवि थे? बिहारी किस छन्द में कविता करते थे?

(ढ) घनानन्द की दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ण) रसखान किसके उपासक थे? इनका पूरा नाम क्या लिखिए।

P.T.O.